लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2605
04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में स्टार्टअपों को अनुदान

2605. श्री भर्तृहरि महताबः
डॉ. विनोद कुमार बिंदः
श्री पी. सी. मोहनः
श्री देवुसिंह चौहानः
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः
श्री रोडमल नागरः
श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलालः
श्री गोडम नागेशः
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः
श्री अभिमन्यु सेठीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वित्त वर्ष में तकनीकी वस्त्रों में स्टार्टअपों को अनुदान के लिए सरकार द्वारा आवंटित कुल राशि और तत्संबंधी ब्यौरा और इन स्टार्टअपों का चयन करने के लिए प्रयुक्त किए गए मानदंड क्या हैं;

(ख) अनुमानित वृद्धि आंकड़ों और रोजगार सृजन के अनुमान द्वारा समर्थित तकनीकी वस्त्र क्षेत्र पर इन अनुदानों के अनुमानित आर्थिक प्रभाव का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस पहल के तहत अब तक अनुदान प्राप्त करने वाले स्टार्टअपों की कुल संख्या और तत्संबंधी ब्यौरा तथा प्रत्येक स्टार्टअप द्वारा प्राप्त कुल राशि और उनके द्वारा विकसित किए जाने वाले विशिष्ट तकनीकी नवोन्मेषों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) तकनीकी वस्त्र उद्योग में नवोन्मेष और निरंतरता को बढ़ावा देने में इन अनुदानों की प्रभावशीलता की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का, प्रतिवर्ष ट्रैक किए जाने वाले प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों सहित, ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के तहत, "तकनीकी वस्त्रों में महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तकों के बीच अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान (ग्रेट)" योजना का उद्देश्य युवा नवप्रवर्तकों, वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और स्टार्ट-अप उद्यमों को उनके विचारों को वाणिज्यिक प्रौद्योगिकियों और उत्पादों में बदलने में सहायता प्रदान करके तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम प्रदान करना है। वर्तमान वित्तीय वर्ष (2026-27) के लिए एनटीटीएम को आवंटित कुल बजट 256 करोड़ रुपये है, जिसमें ग्रेट योजना के तहत स्टार्ट-अप को अनुदान जारी करने का प्रावधान शामिल है।

स्टार्ट-अप प्रस्तावों के तकनीकी और वित्तीय मापदंडों का मूल्यांकन, निगरानी और समीक्षा करने के लिए एनटीटीएम के तहत एक मूल्यांकन और निगरानी समिति (ईएमसी) का गठन किया गया है। ग्रेट

दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदंडों के आधार पर, ईएमसी स्टार्ट-अप प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए एनटीटीएम के तहत सशक्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करता है। ग्रेट दिशानिर्देश https://nttm.texmin.gov.in/. पर उपलब्ध हैं।

(ख): एनटीटीएम के तहत स्टार्ट-अप को प्रदान किए गए अनुदान का उद्देश्य नवाचार, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण और मूल्य वर्धित तकनीकी वस्त्र उत्पादों के विकास को बढ़ावा देना है। इन अनुदानों का अनुमानित आर्थिक प्रभाव मूल रूप से सहायता प्राप्त स्टार्ट-अप और स्थापित उद्योग भागीदारों के बीच मजबूत सहयोग से संचालित होता है। प्रोटोटाइप विकास, फील्ड परीक्षण और बाजार लॉन्च के लिए नवप्रवर्तकों और उद्योग हितधारकों के बीच मजबूत तालमेल को बढ़ावा देकर, यह योजना बाजार के लिए तैयार व्यावसायीकरण सुनिश्चित करती है। इस सक्रिय उद्योग सहभागिता से इन स्टार्ट-अप को सफलतापूर्वक बढ़ाने, देश में समग्र तकनीकी वस्त्र इकोसिस्टम को मजबूत करने और इस प्रकार व्यापक सस्टेनेबल उद्योग विकास और रोजगार सृजन को गति प्रदान करने की उम्मीद है।

(ग): एन.टी.टी.एम. के तहत, कुल 31 स्टार्ट-अप को 15.40 करोड़ रुपये की कुल लागत पर मंजूरी दी गई है, जिसमें से 13.65 करोड़ रुपये भारत सरकार का हिस्सा है, जिसका विवरण **अनुबंध-1** में दिया गया है।

(घ): अनुमोदित स्टार्ट-अप की प्रगति का आकलन करने और निगरानी करने के लिए एक समीक्षा और निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिसके पास एनटीटीएम के तहत अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति को अनुदान की बाद की किस्तों को जारी करने और परियोजनाओं को बंद करने की सिफारिश करने का अधिकार है। इसके अलावा, योजना के बारे में जानकारी प्रसारित करने और संभावित स्टार्ट-अप परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए उद्योग की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए देश भर में विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम, वर्कशॉप, सेमिनार और आउटरीच गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

अनुबंध- I

एनटीटीएम की ग्रेट योजना के तहत स्टार्ट-अप परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	**स्टार्ट-अप परियोजना का शीर्षक**	**परियोजना की स्वीकृत लागत**
1	वार्मिंग और कूलिंग हाई परफॉर्मेंस टेक्सटाइल्स	55,00,000
2	डॉक्टरों के प्रशिक्षण के लिए वस्त्र सामग्री पर आधारित सर्जिकल सिमुलेशन मॉडल	50,00,000
3	इंडस्ट्रियल हैम्प पुलट्रूज़न कॉर्ड और कंपोजिट का विकास और व्यावसायीकरण	66,16,500
4	भविष्य के स्मार्ट फैब्रिक्स: ऊर्जा उत्पादन और सेंसिंग के लिए नैनोफाइबर-इन्फ्यूज्ड टेक्सटाइल्स	50,00,000
5	हाई-परफोर्मेंस टायर-यार्न: ग्रीन प्रोसेस द्वारा ग्रीन प्रोडक्ट	50,00,000
6	राडोम इंटीग्रेटेड आईएफएफ एंटीना	50,00,000

7	रक्षा और ऑटोमोबाइल अनुप्रयोग में उपयोग के लिए ब्रेडेड कंपोजिट का विकास	49,86,875
8	उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ तकनीकी वस्त्रों की सस्टेनेबल प्रोसेसिंग	50,00,000
9	नैनोमटेरियल आधारित स्मार्ट टेक्सटाइल्स का विनिर्माण	50,00,000
10	नोड लॉक्ड किए गए थ्री-डाइमेंशनल (3डी) सामग्री आधारित उन्नत कंपोजिट का विकास	50,00,000
11	लेदर/सिंथेटिक सामग्री के विकल्प के रूप में एलगी वेस्ड कोटेड टेक्सटाइल	56,00,000
12	यूनिक्लेन्ज़ का उत्पादन और विस्तार- जीरो वेस्ट, नेक्स्ट जेनरेशन, स्मार्ट, सेल्फ-सेनीटाइजिंग पर्सनल प्रोटेक्टिव मेडिकल अपैरल	46,80,000
13	हॉस्पिटल वियर्स हेतु प्राकृतिक एंटी माइक्रोबियल कोटेड टेक्सटाइल्स	49,76,000
14	बायोइंजीनियर्ड टेक्सटाइल्स एंड मैटेरियल्स मैन्युफैक्चरिंग	50,00,000
15	हेल्थ केयर और वेलनेस एप्लीकेशन हेतु डिजाइन इंटेलिजेंट वेयरवल्स शेप मैमोरी मैटेरियल्स वाले नॉवल ई-टेक्सटाइल्स	50,00,000
16	प्लाज्मा प्रौद्योगिकी के माध्यम से अत्यधिक ठंड की स्थिति में सुरक्षा के लिए स्रिंक रेसिसटेंट, डिटर्जेंट वॉशेवल, कमोफ्लाज डाइड, फॉर इन्फ्रा-रेड वूल क्लोदिंग जिसमें मैकेनिकल, कम्फर्ट और थर्मल गुण बढ़ाये गए हैं	50,00,000
17	नोवल कंपोजिट मैटेरियल आधारित स्पेस डिप्लोएबल कम्पयूनिकेशन एंटीना	56,50,000
18	वस्त्र और औद्योगिक जेडएलडी संयंत्रों में अंतिम अवशेष से रिसोर्स रिकवरी के लिए पायलट स्केल इनोवेटिव जीरो सॉलिड डिस्चार्ज (ZSD) प्रणाली का डिजाइन और विकास (सर्कुलेटिरी और सस्टेनेबिलिटी)	47,82,250
19	स्मार्ट टेक्सटाइल वियरेबल: इनोवेटिव स्ट्रेस मैनेजमेंट के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाना	50,00,000
20	मैंसटुरल हाइजिन के लिए एक सस्टेनेबल और इनोवेटिव सॉल्यूशन के रूप में फ्लशेबल सैनिटरी पैड	56,00,000
21	सस्टेनेबल और मल्टी फंक्सनल प्रोटेक्टिव के रूप में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट और यूवी-प्रोटेक्टिव पाइनएपल फैब्रिक का विकास, जिसमें बेहतर मैकेनिकल और कम्फर्ट के गुण हैं।	50,00,000
22	स्पाइडर सिल्क टेक्नोलॉजी युक्त उच्च निष्पादन वाले सस्टेनेबल फाइबर को तैयार करना	50,00,000
23	बायोमैटेरियल्स पर आधारित उन्नत चिकित्सा वस्त्र उत्पादों का विकास	32,50,000
24	हाई-ऑल्टिट्यूड एडवेंचर स्पोर्ट और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए उच्च-निष्पादन वाले स्पोर्ट गियर	50,00,000
25	शीतकालीन थर्मल कम्फर्ट के लिए स्मार्ट टेक्सटाइल्स	50,00,000
26	इंडियन अनकन्वेंशनल नेचुरल फाइबर और पर्यावरण के अनुकूल इको फ्रेंडली फिनिशेस का उपयोग करके कॉस्मेटो टेक्सटाइल्स/वेलनेस टेक्सटाइल्स का विकास	50,00,000
27	हृदय गति में अनियमितता का पता लगाने के लिए निगरानी रखने के लिए स्मार्ट वेस्ट	50,00,000
28	स्पेस एप्लीकेशन हेतु तकनीकी वस्त्रों का उपयोग करके हल्की, थर्मल और रेडिएशन शील्डिंग कंपोजिट टाइलों का विकास	23,98,000
29	बिल्डिंग एप्लीकेशन हेतु टेक्सटाइल वेस्ट कंपोजिट पैनल	50,00,000
30	निहित एंटीमाइक्रोवियल वुंड ड्रेसिंग मैटेरियल तथा कवरऑल के विकास के लिए फाइन काउंट हेम्प यार्न और उसके ब्लेंड्स का स्वदेशी उत्पादन	50,00,000
31	नियोसेंस: कम्फिहग वाइटल मॉनिटरिंग	50,00,000

***